# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0/रासेयो/2026/769-776 दिनांकः–07.09.2026

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या/कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–नशीले पदार्थो पर नियंत्रण के लिए विज़न डॉक्यूमेंट (2026–2029) के कार्यान्वयन सम्बन्धीः–**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–10/रा0से0यो0/क्षे. नि/लख/2026–27/7934–8075, दिनांक 03 सितम्बर, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा मादक पदार्थो एनं मनःप्रभावी पदार्थो के दुरूपयोग की समस्या से निपटने तथा **"नशा मुक्त भारत"** के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु **विज़न डॉक्यूमेंट ऑन नारकोटिक्स कंट्रोल (2026–2029)** तैयार किया गया है। उक्त विज़न डॉक्यूमेंट में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों एवं संबंधित हितधारकों के लिए निर्धारित भूमिकाओं, दायित्वों, मापनीय लक्ष्यों एवं समय–सीमा के साथ तीन वर्षीय राष्ट्रीय कार्ययोजना निर्धारित की गयी है।

अतः आपसे आग्रह है कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालयो की रा0से0यो0 इकाईयों को उक्त विज़न डॉक्यूमेंट ऑन नारकोटिक्स कंट्रोल (2026–2029) के प्रावधानों, निर्धारित उदेश्यों एवं समयबद्ध क्रियान्वयन से अवगत कराते हुए, रा0से0यो0 के स्वयंसेवकों के माध्यम से "नशा मुक्त भारत के उदेश्य की प्राप्ति हेतु जनजागरूकता अभियान, खेलों और अन्य गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी तथा संबंधित जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न–यथोक्त।**

भवदीय

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली परिक्षेत्र।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी मीडिया, समचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक 7.9.2
राष्ट्रीय सेवा योजना